# पटवार परीक्षा अगस्त-2021

## ''मसाहत व भू-व्यवस्था नियमावली''

### (प्रश्न पत्र-1)

समय- 3 घण्टे

पूर्णांक-100

नोट- (1) प्रथम प्रश्न अनिवार्य है।

(2) शेष प्रश्नों में से पांच प्रश्न करें। प्रत्येक प्रश्न के 15 अंक हैं।

प्र0 1. निम्न में से 10 पर संक्षिप्त नोट लिखें -

(i) आरक्षित वन
(ii) आबादी देह
(iii) मिसल हकीयत
(iv) चिठ्ठा शजरा नस्व
(v) अधिकार अभिलेख
(vi) तस्दीक आखिर
(vii) लाईन मुकाबला
(viii) नक्शा आवपाशी
(ix) ताबे हकूक बर्तनदारान
(x) बुर्जी
(xi) क्रॉस
(xii) भू-व्यवस्था समाहर्ता

(2.5 x 10 = 25)

प्र0 2. बन्दोबस्त में पैमाईश की विधि का बर्णन करें।

प्र0 3. बन्दोबस्त के समय शजरा नस्व तैयार करने की विधि का विस्तारपूर्वक बर्णन करें।

प्र0 4. वाजिब-उल-अर्ज तैयार करने की विधि का बर्णन करें। सामान्यतः इसमें किस तरह के इन्द्राज किये जाते हैं?

प्र0 5. बन्दोबस्त की आवश्यकता क्यों होती है? यह कितने अन्तराल के बाद किया जाता है? भू-एकत्रीकरण व भू-व्यवस्था में अन्तर स्पष्ट करें।

प्र0 6. मुसावी, लठ्ठा और मोमी को तैयार करने व पड़ताल करने की विधि का बर्णन करें। बाद बन्दोबस्त इन तीनों को रखने व इनके उपयोग बारे विस्तृत टिप्पणी लिखें।

प्र0 7. दौराने बन्दोबस्त भूमि की कौन-कौन सी किस्में दर्ज की जाती हैं? किस भूमि की क्या किस्म होगी यह कौन तय करता है और इसका क्या आधार होता है?

(15 x 5 = 75)

पटवार परीक्षा अगस्त–2021

गणित

(प्रश्न पत्र–2)

समय : 3 घण्टे  पूर्णांक–100

नोट :
1. प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।
2. शेष में से नौ प्रश्न हल करें।
3. सभी प्रश्नों के 10 अंक हैं।

प्र0 1. (क) $\left[1\frac{7}{13}+\left\{1\frac{2}{5}-\left(1\frac{5}{11}\div 7\frac{1}{2}\times \overline{1\frac{1}{4}+1\frac{1}{2}}\right)\right\}\right]$

(ख) $\frac{2+2\times2}{2\div2\times2} \div \frac{\frac{1}{2}\div\frac{1}{2}\text{ का }\frac{1}{2}}{\frac{1}{2}+\frac{1}{2}\text{ का }\frac{1}{2}} - \left(2-\frac{1}{2}\right) \times \frac{.25}{3}$

(2 x 5 = 10)

प्र0 2. वह बड़ी से बड़ी संख्या मालूम करो जिससे 398, 436 व 542 को विभाजित करने पर 7, 11 व 15 शेष बचे।

प्र0 3. कितने समय में 10000/– रूपये पर 5 प्रतिशत वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज 1576.25 रूपये हो जायेगा?

प्र0 4. एक आयाताकार खेल के मैदान का क्षेत्रफल 270000 वर्ग मीटर है। उसकी भुजाओं में 4:3 का अनुपात है। उसकी परिमिति बताओ। 4 ½ किलोमीटर प्रतिघंटा की चाल से उसके चारों ओर घूमने में कितना समय लगेगा?

प्र0 5. एक परीक्षा में 70 प्रतिशत विद्यार्थी अंग्रेजी में सफल हुए और 65 प्रतिशत गणित में सफल हुए तथा 27 प्रतिशत विद्यार्थी दोनों में असफल हुए। यदि 248 विद्यार्थी दोनों विषयों में सफल हुए हों तो विद्यार्थियों की कुल संख्या ज्ञात करो।

प्र0 6. मस्त राम एक साईकल गोपाल को 17 प्रतिशत लाभ पर बेचता है और गोपाल उसी साईकल को हरदेव को 25 प्रतिशत हानि पर बेचता है। यदि हरदेव ने साईकल 1053 रूपये में खरीदी तो मस्त राम ने साईकल कितने रूपये की खरीदी थी?

प्र0 7. राम और श्याम एक काम को कमशः 10 और 15 दिन में कर सकते हैं। यदि दोनों मिलकर काम करें तो काम कितने दिनों में समाप्त होगा?

प्र0 8. तीन आदमी कमशः 2000 रूपये, 3000 रूपये तथा 4000 रूपये व्यापार में लगाते हैं। कुल लाभ 5400 रूपये होता है। हर एक का लाभ निकालो।

प्र0 9. 2 आदमी व 1 लड़का एक काम को पांच दिन में, 1 आदमी वे 2 लड़के उसी काम को छः दिन में करते हैं। यदि एक आदमी की एक सप्ताह की मजदूरी 28 रूपये हो तो एक लड़के की एक सप्ताह की मजदूरी क्या होगी?

प्र0 10. एक कक्षा में 40 विद्यार्थी थे। उसमें 10 वर्ष की आयु वाले 10 विद्यार्थी थे, 12 वर्ष की आयु वाले 15 विद्यार्थी थे तथा 13 वर्ष की आयु वाले 15 विद्यार्थी थे। कक्षा के विद्यार्थियों की औसत आयु निकालो।

प्र0 11. व्यवहार गणित की रीति से चीनी की 25 बोरियों का मूल्य 140 रूपये 40 पैसे प्रति क्विंटल की दर से निकालो जबकि एक बोरी में 1 क्विंटल 27 किलोग्राम 500 ग्राम चीनी हो।

प्र0 12. एक राशि का एक वर्ष का साधारण ब्याज से मिश्रधन 840 रूपये है, दो वर्ष में मिश्रधन 882 रूपये साधारण ब्याज से बन जाता है। दो और वर्षों में मिश्रधन क्या होगा और दर प्रतिशत प्रति वर्ष ज्ञात करो।

( 9 x 10 = 90)

पटवार परीक्षा अगस्त-2021

"भू-अभिलेख नियमावली"

(प्रश्न पत्र-3)

समय- 3 घण्टे

पूर्णांक-100

नोट- (1) प्रथम प्रश्न अनिवार्य है।

(2) शेष प्रश्नों में से पांच प्रश्न करें। प्रत्येक प्रश्न के 15 अंक हैं।

प्र0 1. निम्न में से 10 पर संक्षिप्त नोट लिखें -

(i) वाजिब-उल-अर्ज़
(ii) खसरा गिरदावरी
(iii) रोजनामचा वाक्याति
(iv) उप-सम्पदा
(v) भू-राजस्व
(vi) खतौनी
(vii) भू-सुधार अधिकारी
(viii) जिला आपदा प्रबन्धन कक्ष
(ix) किसान पास बुक
(x) नम्बरदार
(xi) अभिलेख कक्ष
(xii) इन्तकाल फीस

(2.5 x 10 = 25)

प्र0 2. क्या काबिज नाजायज़ भूमि की निशानदेही लेने हेतु सक्षम है? सरकारी भूमि पर से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन करें।

प्र0 3. पटवारी के विभिन्न कर्तव्यों पर प्रकाश डालें।

प्र0 4. तकसीम खानगी व हुक्मन तकसीम की विशेषताओं व जटिलताओं पर प्रकाश डालें।

प्र0 5. आज के कम्प्यूटरीकरण के युग में पटवारी द्वारा तैयार किये जाने वाले विभिन्न अभिलेखों की कितनी प्रासंगिकता रह गई है, इस पर टिप्पणी लिखें।

प्र0 6. सरकारी भूमि को मुख्यतः कितने भागों में विभाजित किया जा सकता है? विभिन्न किस्म की सरकारी भूमि पर होने वाले अतिक्रमण में पटवारी द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर टिप्पणी लिखें।

प्र0 7. नम्बरदार की नियुक्ति की प्रक्रिया, उसे मिलने वाले मानदेय व नम्बरदार के कर्तव्यों पर प्रकाश डालें।

(15 x 5 =75)

***

# पटवार परीक्षा अगस्त–2021

## हिमाचल प्रदेश लैंड लॉज़ – (किताबों की सहायता से)

### (प्रश्न पत्र–4)

समय : 3 घण्टे | पूर्णांक–100

नोट : 1. प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।

2. शेष में से पांच प्रश्न हल करें। प्रत्येक प्रश्न के 15 अंक हैं।

3. अपने उत्तर की पुष्टि में संबन्धित अधिनियम/नियम/नियमावली का उल्लेख करते हुए धाराओं/नियमों/पैरों को भी संदर्भित करें।

प्र0 1. किन्ही 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी करें :–

(i) मुसावी
(ii) फर्द बदर
(iii) कानूनी तकसीम
(iv) ढाल बाछ
(v) भू–जोत
(vi) काश्तकार
(vii) लगान
(viii) मुजारियत
(ix) रफाये आम
(x) मकफूद उल खबरी
(xi) मुश्त्री मुनादी
(xii) इलैक्ट्रौनिक टोटल स्टेशन

(2.5 x 10 = 25)

प्र0 2. भू–सुधार अधिनियम के तहत कृषक की परिभाषा में कौन से लोग आते हैं? गैर कृषक व्यक्ति के पक्ष में भू–सुधार अधिनियम की किन धाराओं/उप–धाराओं के तहत भूमि हस्तांतरण किया जा सकता है? सम्बन्धित धाराओं/उप–धाराओं व नियमों/उप–नियमों सहित व्याख्या करें।

प्र0 3. तकसीम की प्रक्रिया में **Question of Title** क्या होता है? ऐसा प्रश्न उत्पन्न होने पर किस अधिकारी द्वारा क्या कार्रवाई अमल में लाई जाती है? विस्तारपूर्वक वर्णन करें।

प्र0 4. इन्तकालों के प्रमुख प्रकारों व इन्हें दर्ज तथा तस्दीक करने की प्रक्रिया का विस्तारपूर्वक वर्णन करें।

प्र0 5. मुसलमानों में सम्पत्ति का बंटवारा कैसे किया जाता है? विस्तारपूर्वक वर्णन करें।

प्र0 6. निशानदेही हेतु कौन आवेदन कर सकता है? सरकारी भूमि की निशानदेही में कौन–कौन से अधिकारी/कर्मचारी सक्षम हैं? निशानदेही हेतु आवेदन करने हेतु कौन–कौन से दस्तावेज लगाये जाने अनिवार्य हैं? निशानदेही के मेघ माड्यूल पर चर्चा करें।

प्र0 7. बेदखली वारन्ट क्या होता है? इसे किस अधिकारी द्वारा किस प्रक्रिया के तहत जारी किया जाता है? इसके क्रियान्वयन की प्रक्रिया और उसमें पटवारी की भूमिका पर चर्चा करें।

(15 x 5 =75)

पटवार परीक्षा अगस्त–2021

निर्वाचन

(प्रश्न पत्र–5)

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक–100

नोट : 1. प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।

2. शेष में से पांच प्रश्न हल करें। प्रत्येक प्रश्न के 15 अंक हैं।

प्र0 1. किन्ही 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी करें :–

(i) बूथ स्तर अधिकारी
(ii) रजिस्ट्रीकरण की शर्तें
(iii) निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
(iv) निर्वाचन नामावली **(Electoral Roll)**
(v) नगर परिषद
(vi) नगर निगम
(vii) निविदत्त मत (Tender Vote)
(viii) सेवा वोटर (Service Voter)
(ix) मतदान अभिकर्ता (Polling Agent)
(x) निर्वाचक नामावली का विशेष पुनःरीक्षण
(xi) रद्द मतपत्र
(xii) आम पर्यवेक्षक

(2.5 x 10= 25)

प्र0 2. निर्वाचक नामावली में नामों का क्रम कैसे तय किया जाता है? नामावली के प्रारूप के प्रकाशन तथा दावे व आक्षेप दायर व निर्णित करने की क्या विधि है?

प्र0 3. प्रारूप 6–क किसके द्वारा भरा जाता है? इसे कहां प्रस्तुत किया जाता है? इसके साथ क्या–क्या दस्तावेज संलग्न किये जाते हैं?

प्र0 4. पंचायत निर्वाचन में आरक्षण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालें।

प्र0 5. VVPAT क्या होता है? चुनाव प्रक्रिया में इसके प्रयोग की विधि इसके फायदे व नुकसानों पर प्रकाश डालें।

प्र0 6. पंचायत समिति का गठन कैसे किया जाता है ? ग्राम पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रकाश डालें।

प्र0 7. मतगणना की प्रक्रिया पर विस्तृत टिप्पणी लिखें।

प्र0 8. भारत में अपनाई जा रही वर्तमान चुनाव प्रणाली में सुधार हेतु क्या कदम उठाये जा सकते हैं ? विस्तृत टिप्पणी करें।

**(15 x 5 = 75)**

पटवार परीक्षा अगस्त–2021

कम्पयूटर

(प्रश्न पत्र–9)

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक–50

नोट : 1. प्रश्न संख्या 1 व 2 अनिवार्य हैं।

2. प्रश्न नम्बर 3 में से कोई 5 प्रश्न हल करें। प्रश्न नम्बर 3 के प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक है।

प्र0 1. किन्ही 10 पर संक्षिप्त टिप्पणी करें :–

| | | |
|---|---|---|
| I | Computer System | कम्पयूटर प्रणाली |
| II | Super Computer | सुपर कम्पयूटर |
| III | Biometric Sensor | बायोमीट्रिक सैंसर |
| IV | Mother Board | मदर बोर्ड |
| V | Serial Port | सीरियल पोर्ट |
| VI | e-mail | ई–मेल |
| VII | Intranet and Internet | इन्ट्रानैट व इन्टरनैट |
| VIII | Switch | स्विच |
| IX | USB | यू0एस0बी0 |
| X | Domain Name System | डोमेन नेम सिस्टम |
| XI | Wireless Connection | वायरलैस कुनैक्शन |
| XII | Parallel port | पैरेलल पोर्ट |

**(10x 1.5=15)**

प्र0 2. What do you understand by software? Clarify and explain various system and application software.

सॉफटवेयर से आप क्या समझते हैं ? विभिन्न सिस्टम व एपलीकेशन सॉफटवेयर को स्पष्ट करें व समझायें।

OR

Write a detailed note on the pros and cons of e-district software.

ई–डिस्ट्रिकट सॉफटवेयर की विशेषताओं और कमियों पर विस्तृत टिप्पणी लिखें।

**(10)**

प्र0 3. I. Explain the block diagram of computer system.

कम्पयूटर प्रणाली के ब्लॉक आरेख का वर्णन करें।

II. How many types of computers are there? Explain its various types.

कम्पयूटर कितने प्रकार के होते हैं? कम्पयूटर के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें।

III. What do you understand by computer memory? Explain various types of memories.

कम्पयूटर मैमोरी से आप क्या समझते हैं? विभिन्न प्रकार की मेमोरिज़ का विवरण दें।

IV. What do you understand by Bus? Explain various types of Bus.

बस से आप क्या समझते हैं? विभिन्न प्रकार की बसों का विवरण दें।

V. What are impact and non-impact printers? Explain one impact and one non-impact printer.

इम्पैक्ट और नॉन–इम्पैक्ट प्रिंटर क्या होते हैं? दोनों का एक–एक उदाहरण के साथ विवरण दें।

VI. What are main functions of operating system?

ऑपरेटिंग स्सिटम के प्रमुख कार्य क्या हैं?

VII. Explain various features of Microsoft word.

माईक्रोसॉफट वर्ड की विभिन्न विशेषताओं का विवरण दें।

(5 x 5 = 25)

***